120दक्षिण मध्य रेलवे

संरक्षा.387/फ्लाई लीफ/04/2022

फ्लाई लीफ सं.04/2022

सावधान-------- लोको पायलट,लोको पायलट(शंटिंग), सहायक लोको पायलट और लोको निरीक्षक

वर्ष 2022-23 के आरंभ में 26 दिनों के भीतर भारतीय रेल पर 6 सिगनल को खतरे की स्थिति में पार करने के मामले हुए जिसमें दक्षिण मध्य रेलवे का एक मामला शामिल है जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

1. दि.21.4.2022 को पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना जंक्शन पर, गाडी नं. 00654 पार्सल स्पेशल के लोको पायलट ने इंजन नंबर 33501 के साथ मध्यवर्ती रूटिंग निकट सिगनल एस-90 को 'ऑन' स्थिति में लगभग 08:18 बजे पार किया. गाड़ी प्लेटफार्म नंबर पांच के प्रस्थान सिगनल पर रुक गई.
2. दि. 21.04.2022 को 17.25 बजे पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के सगोनी (एसएओ) स्टेशन पर उप स्टेशन अधीक्षक रतनगांव ने यह रिपोर्ट की कि गाडी नं. एपीएलएस / एन के लोको पायलय ने वॉकी टॉकी गाड़ी के नियंत्रण से बाहर होने की सूचना दी. गाड़ी सगोनी स्टेशन से लगभग 17:28 बजे गुजरी और सगोनी स्टेशन के अप प्रस्थान और अग्रिम प्रस्थान सिगनल को "ऑन" स्थिति में पार करने के बाद किमी.1165/5 पर सगोनी-गोलापट्टी स्टेशनों के बीच रुक गई.
3. दि.30.04.2022 को पश्चिम रेलवे के मुम्बई सेंट्रल मंडल के अंधेरी स्टेशन पर ईएमयू लोकल गाडी नं. एडी-90987 (रेक नंबर 5289-5290) अंधेरी एस-27 सिगनल को खतर की स्थिति में पार करने के बाद विले पारले-अंधेरी के बीच डाउन लोकल लाइन पर रूक गई और गाड़ी पुनः आरंभ हुई और दि.30.04.2022 को लगभग 19:54 बजे पाइंट की स्थिति को देखने के लिए रुक गई. उप स्टेशन अधीक्षक/अंधेरी को सूचित किया गया. उप स्टेशन अधीक्षक/ अंधेरी के आने के बाद मापा गया, 300 स्लीपरों को पार करने के बाद गाडी रूक गई. गाड़ी स्थल से 20:09 बजे रवाना हुई और अंधेरी प्लैटफार्म 3 पर 20:10 बजे पहुंची. नए मोटरमैन और गार्ड उपलब्ध कराए गए.
4. दि. 02.05.2022 को दक्षिण मध्य रेलवे के गुंतकल मंडल के इसिवी स्टेशन 1 पर डेमू गाडी नं. 07800 के लोको पायलट ने इसिवी स्टेशन पर अप एम/एल स्टार्टर नंबर 3 पर पहुंचते समय 10:23 बजे सिगनल को "ऑन" स्थिति में 110 मीटर पार कर लिया और रुक गई.
5. दि. 04.05.2022 को उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के ललितपुर स्टेशन पर, गाडीं नं. जेएबी / मालगाड़ी ने 08:28 बजे डाउन मेन लाइन प्रस्थान एस -4 को "ऑन" स्थिति में और 08:28:58 बजे डाउन मेन लाइन अग्रिम प्रस्थान एस- 16 को "ऑन" स्थिति में पार किया.

6. दि.07.05.2022 को 22:23 बजे डीएफसी रेलवे के ईडीएफसी मंडल के केआरजेएन स्टेशन पर, गाडी नं. अप एसओजी मालगाड़ी ने केआरजेएन स्टेशन के अप निकट सिगनल को "ऑन" स्थिति में पार किया.

इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए, सिगनल को खतरे की स्थिति में पार करने से बचने के लिए प्रमुविइंजी द्वारा जारी संशोधित 32 सूत्रीय कार्य योजना नीचे दोहराई गई है:

1. साइन-ऑन करने से पहले लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को पूरा आराम करना चाहिए.
2. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को सेक्शन की सही रोड लर्निंग होनी चाहिए.
3. साइन-ऑन और साइन-ऑफ के दौरान लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की बीए जांच होनी चाहिए.
4. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को चाहिए कि वे अपने सिगनल को सही ढंग से पहचाने और इशारे के साथ जोर से सिग नल पहलू को पुकारे. इसी तरह दाहिनी ओर के सिगनल को विशेष रूप से दोहराए.
5. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट सिग नल पर निरंतर नजर बनाए रखे और तदानुसार कार्रवाई करें जब तक कि वे सिगनल के समीप नहीं पहुंच जाते.
6. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट सिग नल के पास पहुचने तक लगातार खतरा सिगनल पुकारते रहे. लोको पायलट अपनी गाडी को पूरी तरह से नियंत्रण में रखे ताकि खतरे के सिगनल के समीप उसे रोका जा सके.
7. सहायक लोको पायलट खड़े हों और सतर्कता पहलू पर किसी भी सिगनल को पार करते समय आपाती ब्रेक हैंडल/आरएस वाल्व पर दाहिना हाथ रखें और आगे आने वाले खतरे के सिगनल को लगातार तेजी से तब तक दोहराएं जब तक कि गाड़ी खतरे की सिगनल के पास रुक नहीं जाती.
8. जब कभी अपेक्षित हो सहायक लोको पायलट को आपाती ब्रेक लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए . यदि सिगनल की वास्तविक दूरी ईबीडी के बराबर या उससे कम हो रही हो या गाड़ी की गति आपाती ब्रेकिंग के लिए उपलब्ध दूरी से अधिक हो तो सहायक लोको पायलट आपाती ब्रेक लगाए .

विभिन्न गति पर 59+1 से लदी बीओएक्सएन एचएल के लिए ईबीडी															
ईबीडी (मीटर)	75	70	65	60	55	50	45	40	35	30	25	20	15	10	5
	1575	1400	1225	1050	900	750	625	500	400	325	250	175	125	75	30

9. लोको पायलट उसे दिए गए सिगनल पहलू के अनुसार ही कार्य करें और किसी अन्य चीज का पूर्वानुमान न लगाए. उसे "सिगनल और केवल सिगनल" का पालन करना है और कुछ नहीं करना है .
10. लोको पायलट, जहां कहीं संभव हो, ब्रेक फील जांच, ब्रेक पावर जांच और ब्रेक निरंतरता की जांच करें.

11. लोको पायलट को अपनी गाड़ी के ब्रेक-पावर पर अति-विश्वास नहीं होना चाहिए.

12. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट साइन-ऑन से साइन-ऑफ तक मोबाइल फोन का उपयोग न करें.

13. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट सिगनल से संबंधित अनुदेश वॉकी-टॉकी पर न लें.

14. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट वीसीडी को बाईपास न करें और वीसीडी की खराबी के मामले में वीसीडी को बाईपास करने के लिए टीएलसी को सूचित करें.

15. लोको पायलट और सहायक लोको पायलट रोक सिगनल के सामने मेमो बुक, लॉग बुक, सामान पैक करने आदि में लगे न हों और न्यूट्रल सेक्शन में पिछले कैब या मशीन रूम में न जाएं .

16. लोको निरीक्षक अपने लोको पायलट की इंजनमैन शिप की बारीकी से मानीटरी करे और उसकी कमजोरियों को पहचाने ताकि उन्हें सुधारा जा सकें. कोई भी लोको पायलट मानीटरी के लिए शेष न हो.

17. लोको पायलट और लोको निरीक्षक किसी भी प्रकार की सिगनल दृश्यता की समस्या को चिन्हित करें ताकि उसे तुरंत ठीक किया जा सकें.

18. सिगनल साइटिंग समिति की सिफारिशों को लागू किया जाए.

19. लोको निरीक्षक स्पीड गन और सुवाह्य बीए उपस्कर के साथ दिन में और रात में औचक जांच करें.

20. कोहरे के मौसम आदि में सहायता के लिए रोक सिगनल से पहले सिग्मा बोर्ड लगाए जाए .

21. रनिंग रूम में अनुशंसित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए और अपर मंडल रेल प्रबंधक के अधीन आरआरआईसी के तिमाही निरीक्षण किए जाए और इसकी सिफारिशों को लागू किया जाए .

22. पावर अधिकारी सभी लोको निरीक्षकों की डायरी की नियमित जांच माह में एक बार करें और कमजोर ड्राइवरों में सुधार लाने के प्रयास करें .

23. प्रशिक्षण स्कूल में लोको पायलट के कार्यनिष्पादन और सिमुलेटर पर भी नजर रखी जाए .

24. लोको पायलट के एसपीएम/सीयूजी मोबाइल डेटा का विश्लेषण लोको निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से किया जाए.

25. लोको पायलट को कम ब्रेक-पावर और बीएमबीएस व ट्विन पाइप के साथ बी ओएक्सएन एचएल और बीसीएनएचएल रेक में ब्रेक के त्वरित रिलीज के बारे में काउंसल किया जाए.

26. लोको पायलट अप्राधिकृत व्यक्ति को कैब में आने की अनुमति न दे और कैब में सभी व्यक्तियों को मोबाइल फोन पर बात करने से रोके.

27. खतरा सिगनल की ओर आते समय, केवल रिजनरेटिव/डायनेमिक ब्रेक का उपयोग करने से बचे. लोको पायलट को चाहिए कि वह गाड़ियों के मामले में ए-9 और अकेला इंजन(इंजनों) के मामले में एसए-9 का उपयोग अनिवार्य रूप से करें.

28. जब कभी गाड़ियों को स्टेशनों पर/ खतरा सिगनलों पर रोका जाता है , तो ए-9 ब्रेक की न्यूनतम घटती स्थिति के साथ गाडी संरचना ब्रेक लगाए जाए.

29. शंटिंग के समय लोको पायलट उचित कैब/राइट कंट्रोल स्टैंड से साथ कार्य करें और लोको को सही रूप से सुरक्षित किए बिना तथा अकेला न छोडे.

30. चालन के समय, सिगनल और केवल सिगनल को ही देखें. सिगनल के किसी भी पहलू को अनदेखा न करें. किसी भी दृश्यता का समस्या या सिगनल देखने में परेशानी के मामलों को तत्काल दर्ज करें और इसकी रिपोर्ट तत्काल करें और साइन आफ करते समय सीएमएस में फीड करें.

31. अभिक्षमता परीक्षा पास किए बिना, लोको पायलट को डेमू/मेमू गाड़ियों पर कार्य न करने दे.

32. लोको पायलट "सतर्कता" पहलू पर सिगनल पार करते समय गति को कम करें और साधारण नियम 3.07 के अनुसार रोक सिगनल के खतरे की स्थिति से पहले रूकने के लिए तैयार रहें. ईटीटीसी/विजयवाडा में विभिन्न प्रकार की गाडियों के लिए सिम्युलेटर में किए गए सिम्युलेशन की रिपोर्ट के अनुसार , सिगनल को सतर्कता पहलू पर पार करते समय, कोचिंग गाड़ियों के लिए 60 किमी प्रति घंटे और माल गाड़ियों के लिए 30 किमी प्रति घंटे की गति को 150 में 1 की ढाल या इससे गहरी ढाल पर रोक सिगनल से पहले गाडी को आसानी से रोकने के लिए सुरक्षित पाया गया है.

प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी

संरक्षा संगठन

दक्षिण मध्य रेलवे